हरिभूमि

संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार 26 अगस्त 2025

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]


# मिलावट का नया केंद्र बना सराफा व्यापार, बगैर हॉलमार्क बेच रहे ज्वेलरी

## ठगे जा रहे शहर से लेकर गांव से आने वाले आम लोग, प्रशासन की सख्ती जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

देशभर में आगामी दिनों में गणेश पर्व से लेकर नवरात्र, दशहरा और दिवाली जैसे त्यौहार धूमधाम से मनाए जाएंगे। उसके बाद नवंबर से शादी सीजन की भी शुरूआत हो जाएगी। इन सभी अवसर पर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बड़ी मात्रा में सोने-चांदी की खरीदी की जाती है। लोग अपनी महीनों और सालों की बचत से सोने एवं चांदी की खरीदी भी करते हैं, लेकिन ऐसे लोगों को शहर के कई सराफा व्यापारी बड़े ही चालाकी से ठग रहे हैं।

सराफा व्यापार मिलावट का नया केंद्र बनता जा रहा है। व्यापारी लोगों को बगैर हॉलमार्क के ज्वेलरी बेच रहे हैं। जिसके चलते लोगों को यह पता ही नहीं चल पाता कि कितने टंच का सोना या चांदी उन्हें बेचा जा रहा है। व्यापारी कम टंच की ज्वेलरी होने पर भी ग्राहकों को गुमराह कर सौ फीसदी सोने की कीमत ले रहे हैं। चिंताजनक बात यह है कि भरोसे से खरीदी करने वाले लोग जब सामान को वापस सराफा व्यापारी को बेचने या लौटाने आते है तो उनकी 30 से 40 फीसदी तक रकम काट ली जाती है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय में देखा गया है कि शहर के व्यापारियों के खिलाफ लगातार चोरी के सोने-चांदी खरीदे जाने के मामले सामने आए हैं। इसके अलावा कम टंच यानि कैरेट के सामान बिक्री की भी मौखिक शिकायतें सामने आती रही है। ऐसे में प्रशासन को लोगों के हित को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों द्वारा बिक्री किए जाने वाले ज्वेलरी की जांच करनी चाहिए।

### चांदी में भी मिलावट

मिली जानकारी के अनुसार सिल्वर में हॉलमार्क 5 ग्रेड में होता है। इसमें एलॉय के लिए कैडमियम की मिलावट होती है, जो कैंसरकारी भी होता है। इस कारण ये हॉलमार्किंग नहीं होती है, अगर इसमें कॉपर होता है तो हॉलमार्किंग होती है। कैडमियम प्रतिबंधित तत्व है और ये कैंसरकारी भी माना गया है। व्यापारी चांदी में कैडमियम मिलाकर ही ग्राहकों से धोखाधड़ी कर रहे हैं। हालांकि अब केंद्र सरकार ने इसकी रोकथाम के लिए 1 सितंबर से चांदी के गहनों पर भी हॉलमार्किंग में 6 डिजिट का कोड दर्ज करने कहा है, जो उसकी शुद्धता को बताएगा।



### हॉलमार्क वाले गहनों की ऐसे करें जांच

सोने के आभूषणों पर हॉलमार्किंग की जांच करने के लिए आप भारतीय मानक ब्यूरो का बीआईएस-केयर ऐप इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐप के जरिये आप ज्वेलरी पर दिए गए एचयूआईडी नंबर को डालकर असली या नकली हॉलमार्किंग की पहचान कर सकते हैं। इसके अलावा आप बीआईएस की वेबसाइट पर जाकर भी हॉलमार्क की जांच कर सकते हैं।

### किस कैरेट के जेवर में क्या नंबर लिखा होगा

सोने की ज्वेलरी पर लगे हॉलमार्क 24 कैरेट पर ज्वेलरी पर 999 नंबर, 22 कैरेट की ज्वेलरी पर 916 नंबर, 18 कैरेट के गहने पर 750 नंबर, 14 कैरेट के सोने पर 585 नंबर दर्ज होता है। अब बाजार में 9 कैरेट के सोने की ज्वेलरी भी उपलब्ध होने लगी है।

### महज सौ रुपए में जांच

ऐसा भी नहीं है कि आम लोग अपने सोने की जांच नहीं करा सकते हैं। शहर में ऐसे करीब तीन से चार सेंटर हैं, जहां सोने की शुद्धता जांची जाती है। शहर के सराफा व्यापारी भी गिरवी या पुराने सोने-चांदी की खरीदी से पहले इन जांच सेंटर में गहनों की जांच कराते हैं। ऐसे में आम लोग भी ज्वेलरी लेने से पहले उसकी जांच करा सकते हैं। बड़ी बात यह है कि इसके लिए उन्हें महज 50 से 100 रुपए की कीमत ही देनी होगी।

**कुछ शहरों में अनिवार्य हुआ हॉलमार्क :** सरकार की तरफ से देश के कई शहरों में हॉलमार्क को अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि छोटे शहरों एवं कस्बों में इसका अनिवार्य होना शेष है। हॉलमार्क का नियम आने के बाद सभी दुकानदारों एवं प्रतिष्ठानों के लिए जरूरी होगा कि वे भारतीय मानक ब्यूरो से सभी गहनों का प्रमाणपत्र लें और गहनों पर हॉलमार्क लगवाएं, तभी वे गहनों की खरीद-बिक्री कर सकेंगे। इससे दुकानदार केवल 14, 18 और 22 कैरेट वाले सोने के गहने ही बेच पाएंगे। इसके साथ ही प्रत्येक ज्वेलरी पर एक नंबर लिखा होगा। इससे ग्राहक को पता चलेगा कि सोना कितने कैरेट का है।

# जांच में लीपापोती: बगैर टीपी कैसे पार हो गया गोदाम से गायब 93 लाख का हरा सोना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गोदाम से करीब साढ़े 93 लाख रूपए के अच्छे क्वालिटी के तेंदूपत्ते के गायब होने के मामले की जांच रिपोर्ट में लीपापोती किए जाने की शिकायतें सामने आ रही है। फारेस्ट महकमे ने इस मामले की जांच रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख ही नहीं किया है कि आखिर गोदाम से गायब यह तेंदूपत्ता यहां से बगैर टीपी कई ट्रकों के जरिये के कहां चला गया? यहीं नहीं रसूखदारों को बचाने के लिए पुलिस ने भी इस बात की जांच शुरू नहीं की है कि फर्जीवाड़ा कर गायब किए गया तेंदूपत्ता बगैर जीएसटी बिल और फारेस्ट परमिट से आखिर कहां डंप कर रखा गया है? इस पूरे मामले की तह पर जांच की जाए तो कई बड़े ठेकेदार भी गिरफ्त में आ सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि शहर के जीई रोड स्थित गोदाम से पिछले दो साल पहले अच्छी क्वालिटी के 2669 बोरा तेंदूपत्ता को गायब कर दिया गया था। अच्छी क्वालिटी के तेंदूपत्ते को गायब कर यहां बोरों में कचरे को डंप कर ठेकेदारों से सरकार को चूना लगाया था। इस मामले में फारेस्ट महकमे ने अपनी जांच रिपोर्ट में करीब साढ़े 93 लाख रूपए की गड़बड़ी की पुष्टि की है। जांच रिपोर्ट के सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में तेंदूपत्ता ठेकेदार सहित अधिकारी और कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज किया है। इस मामले में जो तथ्य सामने आ रहे हैं, उसके मुताबिक फारेस्ट महकमे ने अपनी जांच में जमकर लीतापोती कर कुछ ठेकेदार और अधिकारियों को बचाने का ताना-बाना बुना है। सूत्रों ने बताया कि जांच रिपोर्ट में साढ़े 93 लाख रुपए के तेंदूपत्ते को कब और किस तरीके से यहां से गायब किया गया है, इसका उल्लेख ही नहीं है। यही नहीं बगैर टीपी के कई ट्रकों के जरिये यह तेंदूपत्ता कहां भेजा गया, इसका भी खुलासा जांच रिपोर्ट में नहीं किया गया है? गौरतलब है कि तेंदूपत्ते से भरी ट्रकों को फारेस्ट महकमे द्वारा बेरियर में चेक किया जाता है। ऐसे में बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ते की अफरा-तफरी कैसे हो गई? सूत्रों ने बताया कि फारेस्ट महकमे ने इस मामले में टीपी भी जारी कर दिया था। गोदाम से अच्छे क्वालिटी के पत्ते को गायब कर दूसरे राज्यों में डंप किए जाने की भी चर्चा है।



### पत्ता किसी का, बिल किसी और का

सूत्रों ने बताया कि गोदाम से बड़े पैमाने पर तेंदूपत्ते की अफरा-तफरी करने में कुछ रसूखदारों का नाम भी सामने आ रहा है। बताया जाता है कि एक ठेकेदार के बिल के जरिये वन विभाग से टीपी जारी कराई गई और फिर इसे ट्रकों के जरिये दूसरे राज्यों में डंप किया गया है। उल्लेखनीय है कि तेंदूपत्ता एक राष्ट्रीयकृत वनोपज है। यही कारण है कि बिना बिल और फारेस्ट परमिट इसका परिवहन नहीं किया जा सकता है।






# मवेशियों को सड़क पर आने से रोकने 45 अफसरों की तैनाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हाईकोर्ट के निर्देश बाद जिले में भी मवेशियों के सड़क पर आने की रोकथाम के लिए कदम उठाए जाने शुरू हो गए हैं। शहर के बाद अब जिलेभर में सड़कों पर मवेशियों को आने से रोकने के लिए 45 नोडल अफसर-कर्मचारी की तैनाती की गई है। इन अफसरों को पशु विभाग से समन्वय करते हुए मवेशियों की धड़पकड़ करने कहा गया है।


प्रशासन द्वारा जारी आदेश में बकायदा स्पॉक का चयन कर नोडल अफसरों की तैनाती की गई है। इसमें सभी जनपद पंचायत, नगर पालिक निगम, नगर पालिक परिषद, नगर पंचायत में नोडल की तैनाती हुई है। इन सभी नोडल अफसरों को साफ किया गया है कि तय स्थानों में मवेशियों को आने से रोकने तथा उनके उचित एवं उपयुक्त स्थान पर विस्थापन किए जाने की जिम्मेदारी होगी। यह भी बताया गया कि मौजूदा वक्त में एनएचएआई, नगर पालिक निगम राजनांदगांव और डोंगरगांव नगर पंचायत के पास काउ-कैचर हैं। ऐसे में इनकी मदद से मवेशियों को हटाए जाने की कार्रवाई की जाए।

### इधर सरपंच ने कहा...गांव में छोड़ रहे आवारा मवेशी

जिले के लिटिया गांव के गौठान में मवेशियों की मौत मामले में अब संबंधित ग्राम के सरपंच का एक पत्र सामने आया है। जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया है कि गांव में मवेशी पालकों द्वारा मना किए जाने के बावजूद मवेशियों को खुला छोड़ा जा रहा है। जिसके चलते जहां खेत में फसल को नुकसान हो रहा है। वहीं उन्होंने यह भी साफ किया कि ग्राम पंचायत के पास ऐसा कोई भी बजट उपलब्ध नहीं है। जिससे मवेशियों की देखभाल, उनके चारे की व्यवस्था की जा सकें। ऐसे में उनके देखभाल में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि ग्राम में किसी भी मवेशी की मौत होती है तो उसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से मवेशी मालिक की होगी।

# मोपेड-बाइक में भिडंत एक की मौत, 4 घायल

- ग्राम फुलझर के पास हुई जबर्दस्त भिड़ंत
- चार घायल को इलाज के लिए किया भर्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोपेड और बाइक में जबर्दस्त भिडंत हो गई। ग्राम फुलझर के पास हुए इस दुर्घटना में एक की मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत 24 अगस्त को एक्टिवा मोपेड में सवार होकर शिवचरण निषाद अपने साथी रिखीराम यादव के साथ टेडेसरा से मुढीपार की ओर तेज गति से जा रहे थे। वहीं बाइक में सवार होकर तीन लोग मुढीपार से टेडेसरा की ओर जा रहे थे। मोपेड और बाइक सवार जैसे ही ग्राम फुलझर के पास बाइक व एक्टिवा के मध्य जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। इस जबर्दस्त दुर्घटना में शिवचरण निषाद 46 साल निवासी ग्राम मुढीपार थाना सोमनी के सिर में गंभीर चोंट आने से मृत्यु हो गई।

इधर पुलिस ने अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं और घर से निकलने से पहले हेलमेट जरूर लगाएं। साथ में वाहन का दस्तावेज और ड्राईविंग लाइसेंस जरूर रखे, यातायात नियमों का पालन करें।

**घायलों का उपचार:** वहीं दुर्घटना में रिखीराम यादव निवासी ग्राम मुढीपार थाना सोमनी, संतोष साहू निवासी गोटिया कवर्धा, होमेश साहू निवासी भर्रेगांव व देशमुख गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल राजनांदगांव से बेहतर इलाज के लिए रिफर किया गया है। जिसकी सूचना मिलने पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल पहुंचकर सभी आहतगणों को त्वरित उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री ले जाकर ईलाज कराया गया। बताया गया हेलमेट ना पहनने से मोपेड सवार के सिर में गंभीर चोंट लगी थी। जिसके कारण उसकी मौत हुई।

**0 राजनांदगांव।** मौसम परिवर्तन के साथ ही क्षेत्र में मच्छरों का आतंक शुरू हो गया है। शाम होते ही मच्छरों की सक्रियता शुरू हो जाती है। जिससे लोगों को परेशान होना पड़ता है।

## माय एंगल










**खबर संक्षेप**

## इरईकला में रामनाम सप्ताह आज से

**पटेवा।** इरईकला में कल 26 एवं 27 अगस्त को रामनाम सप्ताह का आयोजन किया गया है। ग्राम एवं आसपास की टोलियां संगीत के माध्यम रामनाम का संकीर्तन करेगी। विसर्जन के दौरान दही लुट, मटका फोड़ आयोजित किया गया है। बुधवार को हवन यज्ञ के बाद राउत नाच के साथ श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## बंद नहीं होगा रेलवे स्कूल

**डोंगरगढ़।** शहर के 107 साल पुराने रेल्वे स्कूल को बंद करने का फैसला वर्तमान सत्र के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस पहल के लिए सभी सदस्यों एवं सांसद संतोष पांडे का सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल ने आभार व्यक्त किया है। स्कूल को अनवरत जारी रखने के लिए सांसद श्री पांडे एवं सांसद प्रतिनिधि द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

## 30 लाख की लागत से बनेगा महतारी सदन

**छुरिया।** छुरिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुमर्दा, डोंगरगढ़ की मोहड़, मोहारा, डोंगरगांव ब्लॉक के ग्राम अर्जुनी में 30- 30 लाख की लागत से महतारी सदन का निर्माण होगा। विगत दिनों प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के प्रवास के दौरान महिलाओं की मांग को जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने रखा था। प्रभारी मंत्री श्री शर्मा ने कुमर्दा कलस्टर में महतारी सदन के लिए मार्क किया है। उन्होंने कलस्टरों में महतारी सदन का निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। इस पहल के लिए श्रीमती वैष्णव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, प्रभारी मंत्री श्री शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का आभार व्यक्त किया है।

## बच्चों ने मनाया पोला

**मुरमुंदा।** शनिवार को प्राथमिक शाला भरूहाटोला में प्रधानपाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में बच्चों ने पोला पर्व मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने मिट्टी से पोरा, जांता, नांदिया बईला एवं आकर्षक खिलौने बनाकर पूजा-पाठ किया। प्रधान पाठक ने बच्चों के कार्य को सृजनात्मकता बताया है।

### 40 साल से मांग लंबित, डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

# बुढ़ापे में पेंशन तक नहीं मिल रही जिला, जनपद पंचायत कर्मियों को

## जनप्रतिनिधियों ने किया मांग का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जिला एवं पंचायत के कर्मचारियों ने गत दिनों सेवानिवृत्त होने के बाद अन्य कर्मचारियों की तरह पेंशन देने की मांग को लेकर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। राज्य की 27 जिला पंचायत एवं 146 जनपद पंचायत में 1476 पद के विरूद्ध कार्यरत कर्मचारी विगत 40 वर्षों से पेंशन देने की मांग कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कार्यरत कर्मचारियों में से 826 सेवानिवृत्त हो चुके हैं। शासन से पेशन के लाभ हेतु स्पष्ट निर्देश नहीं होने के कारण यह पेंशन के लाभ से वंचित हो गए हैं जिससे उन्हें एवं उनके परिजनों को आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत को छोड़कर सभी स्वायतशासी संस्थाओं में कर्मचारियों को पेंशन का प्रावधान है। नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में पेंशन नियम 1980 बनाया गया है इसकी प्रकार कृषि उपज मंडी नियम 1980 बनाया गया। दोनो संस्थाओं के कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर पेंशन सहित अन्य सुविधाएं मिलती है।



**प्रभारी मंत्री से मिले कर्मी**

जानकारी के अनुसार जिला, जनपद पंचायत कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने गत दिनों पंचायत मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर पेंशन संबंधी मांग से अवगत कराया। उन्होंने कोर्ट के आदेश एवं पंचायत राज अधिनियम में प्रावधानित पेंशन संबंधी धाराओं की जानकारी देते हुए पेंशन लागू करने का आग्रह किया।

### कोर्ट ने जारी किया आदेश

सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 131 के प्रावधानुसार पेंशन लाभ के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया था। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में संचालक पंचायत संचालनालय रायपुर ने बीजापुर, कबीरधाम, रायगढ़, सूरजपुर, सुकमा, बस्तर, दंतेवाड़ा, धमतरी, दुर्ग, बिलासपुर एवं मुंगेली के कलेक्टर को पेंशन भुगतान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया है।

### जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन

राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, सभापति जागृति चुन्नी यदु, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, गीता साहू, प्रतिमा चंद्राकर, रंजिता पड़ौती, मनीष साहू, राजेन्द्र जैन बंटू आदि ने कर्मचारियों की मांग का समर्थन करते हुए मंत्री श्री शर्मा से इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया। इस मौके पर कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष प्रतिमा द्विवेदी, मीनाक्षी तिवारी, राम रामटेकेख आशा श्रीवास्तव, केएल साहू, बीएल देवांगन, नंदकुमार देवांगन आदि मौजूद थे।

# बारिश के दिनों में भी जल संकट, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुढ़ीपार

बारिश के दिनों में खैरागढ़ ब्लाक के बड़े ग्राम में शुमार मुढ़ीपार के घुमियार चौक, साहू पारा के वार्डवासी पेयजल के लिए तरस रहे है। इस वार्ड के लोग आधा किलोमीटर की दूरी तय पानी ला रहे है। वहां भी भारी मशक्कत के बाद पेयजल मिलता है। गांव में पानी की समस्या लगभग छह माह से बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार वार्ड के जसराज जैन, दुलीचंद जैन, पारस जैन, सोहन पटेल, मेघराज जैन, दीनदयाल, बेनबाई यादव, सुमित्रा यादव, सलेंद्री यादव, बहल साहू, मुक्तियार यादव, बलकरण साहू, गणेश साहू, रामबिहारी साहू, प्रीतम यादव, राजू साहू सहित अन्य ने बताया पेयजल की समस्या से सरपंच एवं उप सरपंच को अवगत करा चुके है। जनप्रतिनिधि आते है और दो चार दिन में पेयजल की समस्या को दूर करने की बात कहकर चले जाते है।

### आवेदन की अनदेखी

वार्ड में व्याप्त पेयजल संकट को लेकर वार्ड के जसराज जैन ने पंचायत में आवेदन दिया था। सरपंच कुमेश साहू, सचिव भागवत साहू ने समस्या के दो दिन में समाधान होने का आश्वासन दिया था। करीब एक पखवाड़े बाद भी समाधान नहीं हो सका है। गांव के टाकेश्वर यादव ने बताया कि गर्मी के दिनों में जल स्तर घटने से जलसंकट होना सामान्य बात है किन्तु बारिश के दिनों समस्या आना सोचनीय है। ग्रामीणों ने बताया कि किसी वार्ड में आवश्यकता से अधिक पानी पहुंच रहा है तो किसी वार्ड के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

### जल्द सबको मिलेगा पानी

गांव में पानी की समस्या है। वैकल्पिक व्यवस्था करने का आदेश दिया गया है। कुछ दिनों में सभी को पानी मिल जाएगा। अभी 90 प्रतिशत घरों तक पानी पंहुचा रहे है और बाकी घरों में भी जल्द पहुंच जाएगा। - **कुमेश साहू,** सरपंच

# सौहार्द्र के साथ मनाए गणेश पर्व

**डोंगरगांव।** स्थानीय थाना परिसर में गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक आहुत की गई।बैठक में एसडीओपी दिलीप सिसोदिया, तहसीलदार जेपी खूंटे, सीएमओ विनम्र जेमा, थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा शामिल हुए।

बैठक में शहर की गणेश उत्सव समिति एवं गणेश उत्सव झांकी समिति के पदाधिकारियों, नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सभी से शांति एवं सौहार्द्र बनाए रखते हुए गणेश उत्सव मनाने की अपील की गई।



मीटिंग में समितियों के पदाधिकारियों को गणेश पंल रोड और विद्युत पोल के नीचे नहीं लगाने, धुमाल का उपयोग करने, झांकियों का आकार तय रूट की गलियों को ध्यान में रखकर तय करने, झांकियों में वालंटियर रखने, पंडाल में अवैध विद्युत कनेक्शन नहीं लेने और अग्निशमक की व्यवस्था रखने के निर्देश दिया गया।

# लोधी समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

स्थानीय रानी अवंतीबाई स्कूल में रविवार को जिला स्तरीय लक्ष्य प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मचारियों का श्रीफल, साल एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया। लक्ष्य छत्तीसगढ़ की जिला इकाई के तत्वावधान मे आयोजित सम्मान समारोह में लोधी समाज के 200 छात्र-छात्राओं ने अपनी कला, प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

उक्त आयोजन में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसे खूब सराहा गया। कार्यक्रम में



कक्षा दसवीं के 182, कक्षा 12 वीं के 83 छात्र छात्राएं शामिल हुए। मुख्य अतिथि फेरू राम वर्मा थे। अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एफआर वर्मा ने की। उन्होंने बताया कि दो छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय और एक का चयन सैनिक स्कूल के लिए हुआ है। बखत रंगकठेरा स्कूल से दसवीं में 14 और 12वीं के 14 छात्रों ने 75 प्रतिशत अंक के साथ सफलता हासिल किया है।

### नया करने का करें प्रयास

दिग्विजय कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डा डाकेश्वर वर्मा ने कहा कि जीवन में कुछ करने का हौसला रखने वाले मोमबत्ती और दिया के प्रकाश में भी पढ़ाई कर लेते है और अपना स्थान बना लेते है। इस दौरान जैनदास जंघेल, डॉ अश्वनी जंघेल, डॉ टुकेश्वर वर्मा, भूमिका वर्मा, टुमलाल वर्मा, फत्तेलाल चंदेल, फूलमती वर्मा, जयकुमार वर्मा, रामचंद्र वर्मा, जागृत वर्मा, सोहन वर्मा, हीरालाल वर्मा, संदीप वर्मा, यादराम वर्मा, सुलोचना वर्मा, मेघाराम वर्मा, दशमत जंघेल, उत्तम जंघेल, चंद्रप्रभा वर्मा, महेंद्र वर्मा, बृजेश वर्मा, दानेश्वर लिल्हारे उपस्थित थे।

# समय का पूरा उपयोग पढ़ाई में करें छात्र : हर्षिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में गत दिनों दीक्षारंभ समारोह का आयोजन प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन में आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद अन्ना विनायक राव, कृष्णा गुप्ता, ओमप्रकाश महानदी थे। शुभारंभ के बाद सरस्वती वंदना मयूरी ने प्रस्तुत किया।

स्वागत पश्चात प्राचार्य डॉ रेवती ने कहा कि महाविद्यालय केवल पढ़ाई के लिए नहीं है बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए है। विद्यार्थियों को केवल किताबों तक सीमित न रहकर कौशल विकास पर भी ध्यान देना चाहिए।




### विद्यार्थी जीवन अमूल्य

इस मौके पर विधायक श्रीमती बघेल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन हर किसी के जीवन का सबसे अमूल्य और सुनहरा समय होता है। यह वह अवधि होती है जब नई-नई चीजें सीखते हैं। अपने व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं और भविष्य की नींव रखते हैं। विद्यार्थियों को चाहिए कि इस समय का सदुपयोग करना चाहिए।

# प्रदेशाध्यक्ष डॉ. साहू ने संभाली समाज की कमान

## समाज के हर तबके को मुख्य धारा में जोड़ना आवश्यक: अरूण साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू एवं अन्य पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रायपुर स्थित भामाशाह छात्रावास टिकरापारा में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष तिलकराम साहू, सत्यप्रकाश साहू, साधना साहू, संयुक्त सचिव प्रदीप साहू, चंद्रवती साहू, बीना साहू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव थे। अध्यक्षता पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने की। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक मोतीलाल साहू एवं विशिष्ट अतिथि धनेंद्र साहू, चंद्रशेखर साहू,रमशीला साहू, चंदूलाल साहू, लखनलाल साहू, चुन्नीलाल साहू, थानेश्वर साहू, विपिन साहू, टहल साहू, डॉ. सियाराम साहू, नंदलाल साहू, दीपक साहू, चित्ररेखा साहू, विधायक संदीप साहू, दीपेश साहू, ईश्वर साहू, इंद्र साहू, लेखराम साहू, खिलावन साहू, अशोक साहू, वीरेन्द्र साहू, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जितेंद्र साहू आदि उपास्थित थे। प्रारंभ में कर्मा माता की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर



सामूहिक आरती गायन किया गया। उप मुख्यमंत्री एवं नवनिर्वाचित मुखिया डॉ. नीरेन्द्र साहू को गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस दौरान कर्मा माता एवं दानवीर भामाशाह का जयकारा गुंजायमान होता रहा। उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि यह शपथ ग्रहण समारोह स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों को वरिष्ठजनों के विश्वास को कायम रखते हुए समाज को ऊंचाईयों पर ले जाने कहा।

### अनुभव का मिलेगा लाभ

अध्यक्षता कर रहे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि आने वाले तीन माह में इकाई से लेकर जिला अध्यक्ष बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष को समाज में कार्य करने का अनुभव है। जिसका लाभ समाज को मिलेगा। नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष डॉ. साहू ने कहा कि वरिष्ठों ने जो दायित्व सौंपा है, उसे ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाएगा।

### उमड़े सामाजिक जन

इस दौरान मोतीलाल साहू, कमल किशोर साहू, भागवत साहू, विभा साहू, देवकुमारी साहू, गीता घासी साहू, नीलमणी साहू, शैलेन्द्र साहू , नीरा साहू, कुलेश्वर साहू, नोबल साहू, माधव साहू, चंदन साहू, राजेश्वरी साहू, यशवंत साहू, जयंत साहू, अंजु साहू, हेमंत साहू, महेश साहू, डॉ. महेश साहू, चंद्रशेखर साहू, भुनेश्वर साहू, मनोज साहू ,डीकेश साहू, मनीष साहू, तिमेश साहू, टुम्मन साहू, रोहित साहू, नीलकंठ साहू, रूपेश साहू, परदेशीराम, मंथीर साहू, हिरेन्द्र साहू, मिथलेश साहू, परदेशी साहू, पार्वती साहू, कल्पना साहू, खिलेश्वरी साहू, केशरी साहू ,सुंदर साहू, भुवन साहू, द्वारका प्रसाद, इंद्रसेश साहू, योगराज साहू, लोकेश साहू, गिरधारी साहू, भावेश साहू, बेलस साहू, कोआ दास साहू , खुमान साहू, गोविंद साहू, बलीराम साहू, कौशल साहू, कृत साहू, जगमोहन साहू, पुरषोत्तम साहू, सावल साहू, खुमान साहू, सुरेंद्र साहू, केवल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## महावीर मंदिर प्रांगण में दही हांडी लूट का आयोजन

# भक्ति गीतों पर जमकर थिरकी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शक्ति वाहिनी ने कृष्ण जन्मोत्सव के मौके पर महावीर मंदिर प्रांगण में दही हंडी लूट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान झूला सजाओ एवं मटकी सजाओ प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों और महिलाओं ने भाग लिया। कान्हा की आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। तत्पश्चात बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बच्चे राधा कृष्ण, राम सीता, फौजी,पंडित के रूप में शामिल हुए। युवतियों और महिलाओं ने धार्मिक एवं छत्तीसगढ़ी गानों पर प्रस्तुति दी। दही हांडी लूट का प्रथम पुरस्कार रूपाली एवं टीम को



मिला। विजेताओं को समिति ने प्रतीक चिन्ह एवं गिफ्ट प्रदान किया। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एसडीओपी आशीष कुंजाम थे। इस दौरान थाना प्रभारी उपेंद्र शाह, कवियत्री निर्मला सिन्हा, संगीता टेंभुरकर, हनी गुप्ता, ऋषभ डकहा, शुभम परिहार, शक्ति वाहिनी की वैशाली देशकर, ज्योति बडवाईक, अचला ठाकुर, सुधा श्रीवास्तव, बिंदु जेठवा, पूजासिंह राजपूत, पूनम ठाकुर, सीमा मिश्रा, सविता साहू, शारदा अग्रवाल, मधु महोबिया, गुलशन खांडेकर, दिया बघेल, संजू अग्रवाल, रीना साहू, कीर्ति बड़े, संतोषी यादव, अनुपमा, ज्योति गौतेल, अंजू चौधरी, नवनीत कौर, सौम्या भारद्वाज, पूजा बघेल, स्मृति वर्मा, सीता शर्मा, सुनीता बघेल, हर्षा देवांगन, प्रीति गौतेल, नीता तराने, नमिता चौबे, श्रद्धा अग्रवाल, पूजा उजवने, राखी प्रसाद, कविता नामदेव सहित अन्य मौजूद थी।

# बैल जोड़ी सजाओ स्पर्धा में पुष्कर विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पोला के अवसर पर बैल जोड़ी सजावट प्रतियोगिता का आयोजन भूलीबाई शिव मंदिर परिसर में किया गया। परंपरा के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत इष्टदेव की पूजा से हुई। इसके पश्चात शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर साहड़ा देव में बैलों की पूजा की गई।

मुख्य अतिथि मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल थे। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार पुष्कर साहू, कुरुभाटा को रनिंग शील्ड, 1101रूपए, द्वितीय साहिल मंडले कुरुभाटा को रनिंग शील्ड, 501 रूपए, तृतीय पुरस्कार अर्जुनराम कदम कुरुभाटा 301, चतुर्थ कुंजन जोशी बधियाटोला को 201 रूपए दिया गया। सांत्वना पुरस्कार राजेंद्र जंघेल गाजमर्रा, बोधीराम साहू डिपरापारा, ओमेश्वर साहू कुरुभाटा 101 रूपए दिया गया। कार्यक्रम में छोटे बच्चों ने भी मिट्टी के बैल सजाकर



हिस्सा लिया। लगभग 200 बच्चों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जिन्हें समिति की ओर से श्रीफल व नगद राशि देकर प्रोत्साहित किया गया। निर्णायक विश्वनाथ भारत, कमलराम देवांगन, बब्बूराम शांडिल्य, राहुल यादव और जितेंद्र सिंह भारिया थे। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश मिश्रा, योगेश अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, विपुल अग्रवाल, अनिल घटनी, जितेंद्र भाटिया, बब्बू समाज, रामभाऊ पाहिल, हरिचंद लड्स, धनीराम तराने, रामजी तारने, शंकर मोटघर, जेहन गभने, श्रवण गभने, राजेश आखरे आदि मौजूद थे। संचालन कन्हैया अग्रवाल ने किया।


सूरत साड़ी मेला
तीजा सहित अन्य पर्व के लिए सूरत की साड़ियों का विशाल संग्रह उपलब्ध
खरीदें सूरत के दाम पर
अब एक छत के नीचे पूरे परिवार के लिए खरीदें कपड़े
जिले का सबसे बड़ा शोरुम डोंगरगांव में फैमिली शॉप थोक भाव में रिटेल कपड़ा दुकान
प्रशांत होलसेल बाजार
पुराना स्टेट बैंक, फव्वारा चौक के समीप, डोंगरगांव
संपर्क सूत्र : सौरभ - 9981640064, प्रशांत - 8962960000
सभी कपड़े मार्केट रेट से 20% से 30% तक कम दाम में
शेरवानी, सूट, ब्लेजर, साड़ियां, रेडीमेड, लायचा, होजयारी, हैंडलूम, सूटिंग, फर्निशिंग, शर्टिंग, किड्स वियर


## खबर संक्षेप

### कैरियर गाइडेंस पर कार्यशाला आयोजित



**गंडई पंडरिया।** स्व. देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में छात्रों के भविष्य को दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 25 अगस्त को प्रिज़्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स दुर्ग ने कार्यशाला में स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को प्रबंधन के क्षेत्र में उपलब्ध नवीनतम अवसरों और करियर विकल्पों के बारे में जागरूक किया। राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता जागेश्वर साहू ने छात्रों को मार्केटिंग, फाइनेंस, और ह्यूमन रिसोर्स के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के स्वागत भाषण से हुई। संचालन गावस्कर कौशिक ने किया। बड़ी संख्या में छात्रों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। समापन आईक्यूएसी संयोजक भागवत राम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ एनएस वर्मा, टीएल वर्मा, प्रदीप कुमार आमिला आदि मौजूद थे।

### स्काउट गाइड कार्यशाला आयोजित



**डोंगरगढ़।** विकासखंड स्तरीय स्काउटर गाइडर कार्यशाला का आयोजन विकासखंड कार्यालय में किया गया। सर्वप्रथम परंपरा अनुसार बीईओ विरेंद्र कौर, जिला अध्यक्ष उमेश हथेल, ब्लाक अध्यक्ष दविंदर सिंह भाटिया, जिला उपाध्यक्ष राकेश भावते, विकासखंड स्त्रोत समन्वय विनायक अली को स्कार्फ बांधकर स्वागत किया गया। शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा स्काउट गाइड में देशहित, समाज सेवा और राष्ट्र प्रेम सर्वोपरि होता है। जिला अध्यक्ष उमेश हथेल ने कहा कि उत्कृष्ट कृतित्व से देश, धरती, समाज एवं संस्कृति समृद्ध होती है। कार्यशाला में वार्षिक कार्यशाला, पाठ्यक्रम की हिस्सों को जिला सचिव देवेंद्र अंबादे, रामलाल चंद्रवंशी, सुनीता चंद्राकर, धनेश्वरी साहू, ठाकुरराम चंद्रवंशी ने बताया। इस दौरान नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत, गांठे, प्राथमिक चिकित्सा आदि पर चर्चा किया गया। सचिव लेखराम वर्मा ने जयंतियों, नव रात्रि सेवा, चिंतन दिवस, युवा महोत्सव की जानकारी दी। अंत में रामलाल चंद्रवंशी ने आभार व्यक्त किया।

### सड़क, पुल निर्माण की मांग, ग्रामीणों ने घेरा पीडब्ल्यूडी

**राजनांदगांव।** सड़क और पुलिया निर्माण की मांग को लेकर टूरीपार के ग्रामीण पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सड़क और उच्च स्तरीय पुलिया निर्माण को लेकर कार्यपालन अभियंता के नाम ज्ञापन देकर शीघ्र निर्माण कार्य किए जाने की मांग की है। लंबे समय से जर्जर सड़क से परेशान घुमका तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बारगांव के आश्रित ग्राम टूरीपार के ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग पहुंचकर सड़क निर्माण कार्य नहीं किए जाने को लेकर आक्रोश जताया है। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क और पुलिया निर्माण को लेकर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देने पहुंचे प्रदीप, लतसोर, राजेश वर्मा, ओमप्रकाश व कृपाराम वर्मा ने कहा कि लंबे समय से यहां सड़क निर्माण कार्य की मांग की जा रही है। सड़क चलने लायक भी नहीं हैं। शासन-प्रशासन से लगातार मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि 3 किलोमीटर की एक और 5 किलोमीटर की एक सड़क खराब है। जिसको बनाने की मांग लगभग 10 वर्षों से करते आ रहे हैं। पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों ने ठेलकाडीह से होते हुए मरकामटोला होकर टूरीपार और ग्राम टूरीपार से खैरागढ़ तक की जर्जर सड़क का निर्माण करने की मांग की है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने यहां सोनबरसा नदी में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कराए जाने को लेकर भी अपनी मांग ज्ञापन के माध्यम से रखी है।



# धरनास्थल पर खाया कड़ुभात, तीज के उपवास में भी होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर लगातार अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। इस दौरान विभिन्न तीज-त्यौहारों को हड़ताल स्थल पर ही मनाया जा रहा है। हरितालिका तीज का पर्व भी एनएचएम की महिला कर्मचारियों द्वारा धरनास्थल पर ही मनाया जा रहा है।

एनएचएम कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश सरकार से घोषणा पत्र में किए गए वादों को पूरा करने के लिए अलग-अलग तरीके से अनिश्चितकालीन हड़ताल में ही प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं त्यौहारों को भी मनाया जा रहा है। हरितालिका तीज का पर्व सुहागिन महिलाओं के लिए काफी अहम होता है। ऐसे में एनएचएम कर्मचारियों के हितों को लेकर आंदोलनकारी महिलाएं अपने मायके ना जाकर धरना प्रदर्शन स्थल पर ही तीज का पर्व मना रही है।

#### दस सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल

एनएचएम के कर्मचारी ग्रेड-पे निर्धारण, नियमितीकरण अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति निर्धारण सहित अपनी अन्य मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। वहीं प्रदेश सरकार से अपनी मांगों को पूरी करने की अपील की जा रही है। इधर हड़ताल की वजह से स्वास्थ्य सुविधाओं पर भी असर पड़ रहा है।



#### धरनास्थल पर ही होगा उपवास

एनएचएम की जिला अध्यक्ष किरण गायकवाड़ ने बताया कि आज हड़ताल का आठवां दिन है। इस दौरान हड़ताल अवधि में आने वाले सभी पर्व धरनास्थल पर ही मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तीज का पर्व भी हम धरनास्थल पर मना रहे हैं। आज महिलाएं यहां कड़ुभात खाया है और कल तीज का उपवास भी धरनास्थल पर ही रखेगी।

## गणेश उत्सव पर्व को लेकर समितियों की तैयारी लगभग पूर्ण

# गणेश पर्व की तैयारियां पूर्ण, गाजे-बाजे के साथ पंडालों में पहुंचने लगी प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लाह से मनाया जाएगा। राजनांदगांव में 11 दिवसीय इस गणेश पर्व को लेकर विभिन्न गणेश उत्सव समितियों की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। शहर के चौक-चौराहों में गणेश पंडाल सज गए हैं। वहीं भगवान गणेश की प्रतिमा शहर में आने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

गणेश पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ऐतिहासिक गणेश उत्सव की तैयारी पूरी हो चुकी है। मूर्तिकार बड़ी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। वहीं गणेश उत्सव समितियां आकर्षक पंडाल सजाने में लगी हुई है। शहर में कुछ गणेश उत्सव समिति द्वारा बड़ी मूर्तियां पहले से लाकर पंडाल में रख दी गई है और इसके बाद सजावट का काम किया जा रहा है। शहर के लघु मंडल, नवरत्न मंडल, सुमिति मंडल, बाल समाज, नवीन आदर्श गणेश उत्सव समिति, नवयुवक गणेश उत्सव समिति, उमंग गणेश उत्सव समिति, श्री सेवा समिति, नवीन आदर्श विद्यार्थी मंडल, तिरंगा मंडल, लालबाग गणेश उत्सव समिति सहित शहर में पांच दर्जन से अधिक गणेश उत्सव समितियों द्वारा गणेश पर्व को लेकर तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान के सामने फ्लाई ओवर के नीचे और अंबेडकर चौक में स्थल झांकी का निर्माण भी अंतिम चरण में है। इसके साथ ही शहर के कुछ अन्य जगहों पर भी स्थल झांकियां बनाई जा रही है।





**झांकियों का निर्माण शुरूः** गणेश पर्व के साथ ही देशभर में ख्याति प्राप्त राजनांदगांव की विसर्जन झांकियों को लेकर भी समितियों द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। शहर में प्रतिवर्ष लगभग 30 से 35 झांकियां निकाली जाती है। इस वर्ष भी गणेश पर्व को लेकर विभिन्न धार्मिक प्रसंग और देशभक्ति थीम पर विसर्जन झांकियों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं शहर में कुछ झांकियां रेडीमेड भी आ रही है। वहीं कई समितियों द्वारा अपनी परंपरा को कायम रखते स्थानीय स्तर पर ही झांकियां बनाई जा रही है।

#### पहुंचने लगी प्रतिमा

गणेश पर्व की तैयारी के बीच इस वर्ष लगभग चार दिन पहले से ही शहर में भगवान गणेश की बड़ी प्रतिमाओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। गणेश उत्सव समितियों द्वारा धूमधाम से शोभायात्रा के माध्यम से गणेश प्रतिमाएं पंडाल तक लाई जा रही है।

#### स्टोन से सजी प्रतिमा की मांग

गणेश पर्व को लेकर बाजार में गणेश प्रतिमाओं की दुकानें भी सजी हुई है। इस वर्ष शहर के अलग-अलग क्षेत्र में काफी आकर्षक प्रतिमाएं बनाई गई है। जिसमें छोटी-बड़ी कई प्रतिमा शामिल है। भगवान गणेश की प्रतिमा को आकर्षक रूप देने के लिए साज-सज्जा पर काफी ध्यान दिया गया है। ज्यादातर स्टोन से सजी गणेश प्रतिमाओं की मांग बाजार में दिखाई दे रही है। वही भगवान गणेश की विभिन्न मुद्राओं में प्रतिमा बनाई गई है। जिसमें महाराजा, दूल्हे के रूप में पगड़ी वाली, सखी वाली गणेश प्रतिमा की मांग बनी हुई है। दुकानों में ढाई सौ रुपए से लेकर 11 हजार तक की प्रतिमाएं उपलब्ध है।

### चेकिंग के नाम पर बाइक सवार ग्रामीणों से वसूली

**राजनांदगांव।** तीज त्यौहार के समय चेकिंग के नाम पर बाइक सवारों से जुर्माना वसूली पर कांग्रेस उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस से ऐसी अवैध वसूली बंद करने की मांग की है। मनमानी बंद नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है। कांग्रेस उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने कहा कि इन दिनों छग का प्रमुख तीज त्यौहार चल रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में माता-बहनें अपने परिजनों के साथ मायके जा रही है, लेकिन ट्रैफिक पुलिस पाइंट लगाकर ऐसे लोगों से अवैध वसूली करने में जुटी हुई है, जो सीधे तौर पर अमानवीय हरकत है। लाइसेंस, गाड़ी के कागज और नियम विपरीत चलने की बात कहकर मनमाना चालान वसूला जा रहा है, जो पुलिस की मनमानी को उजागर कर रही है।



श्री अली ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था संभालना छोड़कर पुलिस ने आउटर में पाइंट लगाया है, जहां ग्रामीण क्षेत्र में आवाजाही करने वाले बाइक सवारों को रोककर उनसे चालान के नाम पर वसूली की जा रही है। त्यौहार के दौरान ऐसी हरकत पुलिस की मनमानी को उजागर कर रही है। हालात यह है कि अपने बच्चों को स्कूल लेने जाने वाले पैरेंट्स पर भी पुलिस मनमाना चालान काट रही है।

# पुलिस ने की मकानों की जांच

**राजनांदगांव।** पुलिस की संयुक्त टीम ने बाहरी संदिग्ध लोगों का जांच अभियान चलाया है। जिसके तहत 170 मकानों की चेकिंग किया गया। वहीं थाना में मुसाफिर नोट कराने हिदायत दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार 25 अगस्त को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक उमेश कुमार पटेल एवं थाना छुरिया के संयुक्त स्टाफ द्वारा डोंगरगांव के नया बस स्टैंड के पास स्थित आईएचएसडीपी आवास में संदिग्ध, बाहर से आए लोगों को चेक किया गया। बाहर से आए लोगों को थाना में जानकारी देने, अपने फोटो एवं आधार कार्ड जमा करने हिदायत दिया गया एवं निवासरत लोगों को हिदायत दिया गया कि बाहर से आए लोगों के बारे में थाना में सूचना दें।

# बारिश ने बदली दशा, कृषि में आई नई जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा ने किसानों की किस्मत को एक नई दिशा दी है। जहां कुछ इलाकों में वर्षा सामान्य रही, वहीं कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा के कारण फसलों को नुकसान भी पहुंचा है। वही पर कुछ क्षेत्रों में अल्प वर्षा की जानकारी आ रही है।

हालांकि, इस बार किसानों ने पारंपरिक खेती के साथ आधुनिक तरीकों को भी अपनाया है। बदलते मौसम और जलवायु संकट को देखते हुए किसानों में कृषि के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कई किसान प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर उपयोग के साथ उत्पादन बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर, जैविक (ऑर्गेनिक) खेती से किसानों का मोहभंग होता दिख रहा है। मुनाफे की दौड़ और बाजार की मांग को देखते हुए, क्षेत्र के अधिकतर किसान अब रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का प्रयोग कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अल्पकालिक लाभ के बजाय किसानों को दीर्घकालिक समाधान की ओर बढ़ना चाहिए, जिसमें जैविक खेती एक अहम भूमिका निभा सकती है।

क्षेत्र के पैलीमेटा के किसान लाला राम जंघेल और कैलाश शर्मा ने कहा कि पैलीमेटा क्षेत्र में पानी की कमी से किसानों की स्थिति दयनीय है सप्ताह भर के अंदर वर्षा अच्छी नहीं हुई तो किसानों की स्थिति खराब हो जायेगी। सहकारी समिति पैलीमेटा क्षेत्र के किसान डीएपी एवं यूरिया के लिए भटक रहे रहे है बाजार में अधिक दाम पर व्यापारी विक्रय कर रहे है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों डीएपी एवं यूरिया की मांग को लेकर किसानों ने चक्काजाम कर विरोध जताया था।

कुटेलिकला क्षेत्र के किसान जयकरण धनकर ने बताया कि इस क्षेत्र में पानी की कमी 50% से ज्यादा है। किसान पानी की आस लगाए बैठे है। अगर पानी दो चार दिनों में नहीं आया तो कृषि चौपट हो जाएगा। ज्ञात हो कि सितंबर का महीना पानी के लिए कमतर ही रहता है। किसानों में आर्गेनिक खेती के लिए जयकरण धनकर का क्षेत्र में अलग ही पहचान है।



#### अवैध बीज कीटनाशक की बिक्री जोरों पर

क्षेत्र के किसानों ने बताया कि बहुत सारी बीज कीटनाशक की दुकान बगैर लायसेंस के संचालित हो रही है, लेकिन विभाग की उदासीनता समझ से परे है उच्च दर पर बीज कीटनाशक दवाईयां विक्रय किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के किसान परेशान है।

## सांसद संतोष पांडे की पहल का असर

# दस हजार करोड़ से ग्रीनफिल्ड एक्सप्रेसवे का होगा निर्माण, खैरागढ़ से जुड़ेगा लखनादौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संसद सत्र के दौरान सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से सांसद संतोष पांडे की मुलाकात का असर अब दिखने लगा है। जबलपुर में करोड़ों की लागत से बने फ्लाईओवर के लोकार्पण अवसर पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने घोषणा की कि लखनादौन-बालाघाट-लांजी-खैरागढ़-रायपुर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का डीपीआर दिसंबर 2025 तक तैयार कर लिया जाएगा। करीब 10 हजार करोड़ रुपये की लागत से 220 किमी लंबे हाई स्पीड कॉरिडोर के निर्माण की दिशा में तेजी आएगी। गडकरी की घोषणा से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्रवासियों ने केंद्रीय मंत्री और सांसद संतोष पांडे के प्रति आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि दिसंबर 2025 तक डीपीआर के साथ एक्सप्रेसवे का कार्य भी शुरू हो जाएगा।

#### क्या है मायने

इस ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे के बनने से क्षेत्र में आर्थिक विकास का नया मार्ग खुलेगा। पर्यटन के नए अवसर पैदा होंगे। दोनों राज्यों के बीच तेज़ और सुरक्षित मार्ग मिलेगा। स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी।



#### क्या होगा फायदा

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच तेज़ और सुगम कनेक्टिविटी, यात्रा समय में बड़ी कमी, व्यापार और उद्योग को गति, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, कवर्धा सहित पूरे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

#### होगा दोहरा लाभ

सांसद संतोष पांडे की इस पहल का जिले के साथ पूरे राज्य को दोहरा लाभ मिलेगा। यह सड़क आगे जाकर रायपुर से विशाखापटनम के भारत माला प्रोजेक्ट से जुड़ेगी। इससे खैरागढ़-राजनांदगांव जिले से विशाखापटनम तक का मार्ग सुलभ होगा और नए व्यापारिक अवसर खुलेंगे।

#### विवि के लिए भी लाभप्रद

यह कॉरिडोर 1956 में स्थापित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के लिहाज से भी अहम होगा। भारतीय कला और संगीत को समर्पित एशिया का पहला संगीत विश्वविद्यालय अब तक मुख्य रूप से नागपुर मार्ग पर निर्भर रहा है। नए मार्ग से खैरागढ़ क्षेत्र का सीधा जुड़ाव होगा, जिससे विश्वविद्यालय और क्षेत्र दोनों को बड़ा लाभ मिलेगा।

#### चिल्फी-कवर्धा बॉर्डर से जबलपुर तक 150 किमी 4 लेन सड़क

संसद सत्र के दौरान सांसद संतोष पांडे की रखी गई मांग पर केंद्र सरकार ने एक और तोहफ़ा दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के प्रयास से चिल्फी-कवर्धा बॉर्डर से जबलपुर तक 150 किमी लंबी 4 लेन सड़क के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इस परियोजना पर करीब 2500 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

### दो गौवंश की मौत

**सड़क अतरिया।** छुईखदान गंड़ई मार्ग पर रविवार रात को ग्राम चकनार में अज्ञात वाहन की ठोकर से दो मवेशियों की मौत हो गई। लगातार दुर्घटना होने के बाद भी सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा कम नहीं हो रहा है। आए दिन मवेशी वाहन की चपेट में आ कर काल के मुंह में समा रहे हैं। रविवार की रात चकनार नर्मदा के मध्य पुल के समीप अज्ञात वाहन ने दो मवेशियों को रौंद दिया। एक मवेशी क्षत विक्षत अवस्था में रात भर पड़ा रहा, जिससे आवागमन प्रभावित रहा। सुबह ग्रामीणों की मदद से मृत मवेशियों को हटाया गया।

### तीज पर्व आज

**सड़क अतरिया।** कल मंगलवार को महिलाएं पति की लंबी उम्र एवं मंगल कामना के लिए तीज का व्रत करेंगी। पर्व को लेकर सोमवार को रौनक रही। बसों में तिजहारिनों की भीड़ देखा गया। महिलाएं पूजा सामग्री एवं श्रृंगार सामान खरीदने दिखाई दी।

# शहर में राष्ट्रीय राजमार्ग बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण को कांग्रेस ने बताया असंवैधानिक

**राजनांदगांव।** शहर के नेशनल हाईवे में फ्लाई ओवर के नीचे बन रहे बैडमिंटन कोर्ट को कांग्रेस कमेटी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते अवैधानिक बताया है। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैंडमिटन कोर्ट बनाने के लिए क्या एनएचआई से परमिशन लिया गया है। एक तरफ फ्लाई ओवर के नीचे चल रहे रोजगार चाय-ठेले, चॉट-ठेले, गाड़ियों की रिपेरिंग करने छोटे व्यवसायियों को अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया गया है, अब वहां पर खुद अतिक्रमण कर बैंडमिंटन कोर्ट बनाया जा रहा है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि खिलाड़ी स्टेडियम से बाहर प्रदूषण वाली जगह, जो डेंजर जोन है, जहां कभी भी कोई दुर्घटना होती है, यहां खेलेंगे तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि पहले स्टेडियम निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम परिसर में ही बैडमिंटन कोर्ट बनाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नेशनल हाईवे में फ्लाई ओवर के नीचे बैंडमिंटन कोर्ट बनाया जा रहा है, जो जगह उचित नहीं है, बिना जमीन अधिग्रहण करते हुए निर्माण नहीं हो सकता है। इसकी अनुमति ली गई है या नहीं। उन्होंने कहा कि बैडमिंटन कोर्ट बनाकर रुपयों की बर्बादी हो रही है। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कहा गया कि फ्लाई ओवर के नीचे छोटे ठेले खोमचे वालों को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण बताकर हटा दिया गया। जबकि नगर निगम के माध्यम से ही उनसे किराया वसूली की जा रही थी। कांग्रेस कमेटी द्वारा मांग की गई है कि अतिक्रमण के नाम पर हटाए गए लोगों का व्यवस्थापन किया जाए। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कमलजीत सिंह पिन्टू, शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, आसिफ अली, अमित खंडेलवाल, सुरेन्द्र देवांगन, मुस्तफा जोया सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।




किसान भाईयों को
गणेश चतुर्थी
एवं पर्यूषण पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
JOHN DEERE
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
सस्ता नहीं अच्छा लो
5405
TREM IV
4WD
मिट्टी की खुशबू के साथ आया भरोसेमंद साथी
मानसून स्पेशल ऑफर जॉन डियर
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
JOHN DEERE सिर्फ ट्रैक्टर नहीं, वो भरोसा है जो पीढ़ियों तक चलता है
सभी कंपनी की पुरानी ट्रैक्टर टिप-टॉप कंडीशन में उपलब्ध है
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

खेल: तीन दिवसीय खो-खो लींग प्रतियोगिता का शानदार समापन

# पुरुष वर्ग में ड्रीम पैंथर्स व महिला में अग्नि एंजल ने जीती ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आध्यात्मिक नगर कवर्धा में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ खो-खो लींग 2025 का शानदार समापन स्थानीय इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, अध्यक्षता, कमलजीत अरोरा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खो-खो संघ एवं विशिष्ट अतिथि रामकुमार भट्ट सभापति जिला पंचायत, सतविंदर पाहुजा शहर अध्यक्ष, डॉ आनंद मिश्रा जनपद सदस्य, नरेंद्र मानिकपुरी, अजय सिंग, तरुण शुक्ला, महासचिव छत्तीसगढ़ खो-खो संघ दीपक, गणेश यादव पार्षद, देवेंद्र गुप्ता अध्यक्ष खो-खो संघ आथित्य में सम्पन्न हुआ। वही सचिन डोंगरे प्रमोटर ने बताया कि खो-खो लींग 2025 की प्रथम छत्तीसगढ़ खो-खो लींग की मेजबानी का सौभाग्य कबीरधाम को प्राप्त हुआ, जिसमें 22 जिलो से 08 टीमो का गठन कर, खो-खो लींग कराया गया, जिसमे लगभग 170 प्रतिभागियों ने 30 ऑफसीयल, 24 कोच, मैनेजर, सहायक कोच ने भाग लिया। छत्तीसगढ़ खो-खो लीग में कुल 26 मैच हुआ सभी कांटेदार मुकाबला हुआ। जिसमें रोमांच, जोश और संघर्षभरा हुआ था। जिला खो-खो संघ सचिव राजर्षि पांडेय ने बताया कि समापन समारोह को विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन ने वर्चुअल रूप से संबोधित कर प्रतिभागियों एवं आयोजन समिति का उत्साहवर्धन किया।



## विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

छत्तीसगढ़ खो-खो लींग में पुरूष वर्ग प्रथम ड्रीम पेंथर्स, द्वितीय रॉयल किंग व तृतीय कल्कि फोर्स तथा चतुर्थ स्थान शैडो स्ट्राइकर ने प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में प्रथम अग्नि एंजल, द्वितीय धाकड़ वॉरियर व तृतीय डेंजर डॉल्फिन तथा चतुर्थ स्थान आयरन कवीन ने प्राप्त किया। बेस्ट डिफेंडर रामेश्वर व उर्मिला, बेस्ट अटेकर राकेश व कुशुम, बेस्ट ऑलराउंडर,अंकुश व झमिता ने प्राप्त किया। ओवरऑल बेस्ट प्लेयर मनीषा ठाकुर को दिया गया। जबकि बेस्ट वजीर राहुल व उमा ने प्राप्त किया। विजेता टीम को सात हजार रुपए नगद, ट्रॉफी व गोल्ड मैडल तथा उपविजेता टीम को पांच हजार नगद, ट्रॉफी व सिल्वर मैडल तथा तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीमों को तीन हजार नगद, ट्रॉफी एवं ब्रान्स मैडल देकर पुरुस्कृत किया गया। सभी विजेताओं को ट्रॉफी डॉ आनंद मिश्रा जनपद सदस्य के सौजन्य से दिया गया। सभी अतिथियों को छत्तीसगढ़, खो खो संघ अध्यक्ष कमलजीत अरोरा और महासचिव तरुण शुक्ला ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# शहर व क्षेत्र की महिलाएं आज करू भात खाकर रखेंगीं तीजा व्रत

- तीजा को लेकर महिलाओं में भारी उत्साह का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



छत्तीसगढ़ में रीति रिवाज पुराने परंपरा के अनुसार आज छत्तीसगढ़ में चले आ रहे है तीज जैसे त्यौहार तीज उपवास के पूर्व रात्रि को करू भात क्यों खाया जाता है? छत्तीसगढ़ परम्पराओं से भरा प्रदेश है, संस्कृतियों का भी अद्भुत समन्वय है। जिस पर पं प्रशांत शर्मा ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार मां पार्वती ने भगवान भोलेनाथ को पाने के लिए यह व्रत आरम्भ किया था, जिसे हरितालिका व्रत कहते हैं। जनश्रुति कहती है गिरिजा ने यह व्रत आरम्भ से पूर्व रात्रि को कड़वी चीज के संग भोजन कर इसे दूसरे दिन से प्रारंभ किया। चूंकि करेला कड़वा माना जाता है, इसलिए लोगों ने इसे अपने व्रत से जोड़कर रात्रि को किए जाने वाले भोज में सम्मिलित कर करू भात का नाम दे दिया। अब वैज्ञानिक पक्ष यह है कि करेला शरीर से पानी को कम निकलने देता है जिससे डिहाइड्रेशन की समस्या नहीं होती। सम्भवतः तृतीया को निर्जला व्रत के कारण निर्जलीकरण न हो इसलिए यह करू भात की परंपरा चली।

## बाजार व कपड़ा दुकानों में रही रौनक

तीजा में माइके पक्ष द्वारा बहन-बेटियों को साड़ी देने की परम्परा है, वहीं तीजा में बहन-बेटियों को साड़ी देकर उसके सदासुहागन एवं समृद्ध परिवार की कामना करते है। नवविवाहित महिलाओं में तीजा का उत्साह एवं ललक देखते ही बन रही है। इस कारण माइके आने से उत्साह दोगुना हो जाता है। तीजा पर्व को लेकर पिछले 2-3 दिनों से बाजार व कपड़ा दुकानों में जबरदस्त भीड़ देखने को मिला। साथ ही साथ सुबह से देर शाम तक बाजार गुलजार रहा।

## जिने में खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया सायकल अभियान



**हरिभूमि कवर्धा।** 17वीं विशेष भारत रक्षित वाहिनी छत्तीसगढ़ बल जिला कबीरधाम में खेलो इंडिया योजना के फिट इंडिया सायकल अभियान के तहत विगत दिनों 24 अगस्त को सुबह 07:30 बजे संडे ऑन सायकल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता लाना एवं दैनिक शारीरिक गतिविधियों के बारे में आमजन को जागरूक करना है। इस हेतु फिटनेस का डोज-आधा घण्टा रोज का नारा दिया गया है। उक्त कार्यक्रम इकाई प्रमुख कमलेश्वर प्रसाद चंदेल सेनानी के मार्गदर्शन में वाहिनी के प्रमोद गुप्ता उप सेनानी, श्रीमती मोनिका सिंह परिहार सहायक सेनानी, बद्रीनाथ मिश्रा सहायक सेनानी के साथ अन्य समस्त अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालित किया गया

**खबर संक्षेप**

## पेंशनर्स महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव का कवर्धा आगमन आज



**हरिभूमि कवर्धा।** राष्ट्रवादी विचारधारा को लेकर देश-प्रदेश में पेंशनरों के बीच काम करने वाला एकमात्र संगठन भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव का 26 अगस्त को कवर्धा आगमन हो रहा है। उनके साथ प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, संगठन मंत्री टीपी सिंह तथा दुर्ग संभाग अध्यक्ष बीके वर्मा भी प्रवास पर रहेंगें। जनपद पंचायत सभा कक्ष में पेंशनरों की बैठक लेंगे और उनकी समस्याओं की जानकारी लेंगे। उपस्थित पेंशनरों को पदाधिकारियों द्वारा संबोधन किया जाएगा। इस अवसर पर कबीरधाम जिले में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिला इकाई का गठन किया जाएगा।

# दो दिवसीय सतनाम धुनी, चौका आरती व पंथी नृत्य का आयोजन

- पंथी-टोलियों द्वारा शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर में सतनाम समाज के अनुयायियों के द्वारा दो दिवसीय सतनाम धुनी संकीर्तन का धार्मिक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ बाबा गुरुघासीदास के सत्य अहिंसा के प्रतीक जोड़ा जैतखाम और गुरु गद्दी में विधि विधान से पूजा-पाठ व आरती कर सतनाम धुनी संकीर्तन का प्रारंभ किया गया। जिसमें समाज के भंडारी साटीदार एवं सतनाम समाज के अनुयायियों ग्रामवासी सहित आसपास क्षेत्र के सतनाम पंथी टोलियों द्वारा अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सतनाम धुनी संकीर्तन व बाबा गुरुघासीदास के उपदेश एवं सतनाम सतनाम संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास सतनाम धुनी संकीर्तन के माध्यम से किया जा रहा है। इस दो दिवसीय सतनाम धुनी संकीर्तन के आयोजन से ग्राम पंचायत बरबसपुर सहित आसपास के क्षेत्र में धार्मिकमय व सामाजिक एकता और समाज में एकरूपता जन-जागरूकता का माहौल बना हुआ है।

# गणेश तिवारी बने प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा के नव-निर्वाचित अध्यक्ष, खिलाड़ियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर में संचालित प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा अंतर्गत बेसबॉल, सॉफ्टबॉल खेल का प्रशिक्षण विगत 12 वर्षो से छीरपानी मैदान में दिया जा रहा है। जिसमे प्रतिवर्ष यहां के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर चयनित होते आ रहे है और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन से अधिक संख्या में पदक लगाकर प्रदेश व जिले का नाम रौशन करते आ रहे है। अकेडमी के बेसबॉल व सॉफ्टबॉल खिलाड़ियों द्वारा किए जा रहे मेहनत व उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित होकर कवर्धा जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी ने इस संस्था का अध्यक्ष बनने का निर्णय लिया, जिससे समस्त अकेडमी के खिलाड़ियों में बहुत ही उत्साह है। अकेडमी के प्रशिक्षक व सचिव राजा जोशी ने बताया कि कवर्धा जनपद उपाध्यक्ष गणेश तिवारी का संस्था में जुड़ना खिलाड़ियों के लिए सौभाग्य की बात है श्री तिवारी ने समाज के हित में बहुत से कार्य किए हैं जो बहुत ही सहारनीय है, अब वे खेल में अध्यक्ष के रूप में जुड़ रहे है जिससे निश्चय ही गणेश तिवारी द्वारा निःस्वार्थ भाव से बेसबॉल और सॉफ्टबॉल के खिलाड़ियों को एक नई ऊर्जा मिलेगा जिससे वो आने वाले प्रतियोगिताओ में बेहतर प्रदर्शन कर सके। नव-निर्वाचित अध्यक्ष गणेश तिवारी के नेतृत्व में 5 से 7 सितंबर को कवर्धा सॉफ्टबॉल प्रीमियर लींग टूर्नामेंट 2025 का तीन दिवसीय आयोजन छिरपानी कॉलोनी मैदान में आयोजित होने जा रहा है, जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ से 7 अंतर्राष्ट्रीय एवं 25 राष्ट्रीय पदकधारी होनहार सॉफ्टबॉल खिलाड़ी गण सम्मिलित हो रहे है यह प्रतियोगिता आईपीएल के तर्ज पर कराया जा रहा है जिसमे पूरे छत्तीसगढ़ से उत्कृष्ट खिलाड़ियों को पांच टीम में विभाजित

## अध्यक्ष को पदाधिकारियों व खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की

प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा अध्यक्ष बनने पर गणेश तिवारी ने बताया कि इस संस्था से जुड़कर बहुत उत्साहित हूँ। इस खेल के खिलाड़ियों ने विगत कई वर्षो से राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर पदक लगाकर प्रदेश व जिले को गौरवाविंत करते आ रहे है यहां के अधिकांश खिलाड़ी आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते फिर भी अपने कड़ी मेहनत व प्रयास से आज पदक लगा रहे है और अपना एक बेहतर भविष्य बना रहे है मै अपनी ओर से पूरी प्रयास करूंगा। वहीं प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी अध्यक्ष बनने पर गणेश तिवारी को एकेडमी के संस्थापक राजा पीयूष टाटिया, गजराज सिंह ठाकुर सांसद प्रतिनिधि, पार्षद दीपक सिन्हा, सदस्य श्याम चकोर, यशवंत झरिया, एसएल महिले, कोमल सिंह राजपूत, दिनेश वर्गिस, मो. तस्लीम आरिफ, भूपेंद्र गढ़े, पिंटू सिन्हा, हेमंत ठाकुर, मुकेश ठाकुर, विनोद यादव एवं समस्त खिलाड़ियों ने बधाई प्रेषित की।

## कुण्डा व आसपास के गांवों में खुलेआम बिक रही अवैध शराब, प्रशासन मौन



**हरिभूमि कुण्डा।** जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कुण्डा एवं आसपास के गांवों में अवैध रूप से शराब बिक्री व परिवहन का धंधा इन दिनों जोर शोर से किया जा रहा है। लेकिन कुण्डा क्षेत्र में चल रही इस खुलेआम अवैध शराब बिक्री से ग्राम के नवयुवक व स्कूली छात्र छात्राएं नशे की गिरफ्त में आ रहे है और अपने भविष्य को दांव पर लगा रहे हैं। जिस पर स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी शराब दुकान के अलावा अन्य वैध दुकानें नहीं होने के बावजूद, कुण्डा सहित आसपास के सैकड़ों गांवों में अवैध रूप से शराब की बिक्री सुबह से लेकर देर रात तक जारी है। चौंकाने वाली बात यह है कि पुलिस एवं संबंधित आबकारी विभाग को इसकी जानकारी होने के बावजूद अब तक किसी तरह की ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन तथा विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि इस अवैध रूपए से शराब बिक्री कारोबार पर रोक लगाएं जाने की अपील की गई।

## झेरिया यादव समाज ने ओबीसी सूची में शामिल करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में झेरिया यादव समाज द्वारा रावत उपनामधारी वर्ग को केंद्रीय अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल करने की मांग को लेकर व्यापक ज्ञापन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत समाज के प्रतिनिधियों ने लगभग सभी जिलों के जिला मुख्यालयों में पहुंचकर कलेक्टरों को मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। जिले में आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान समाज के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थें। इनमें जिला अध्यक्ष धनीराम यादव, जिला सचिव गोलू यादव, जिला उपाध्यक्ष परदेसी यादव, कोषाध्यक्ष लिजा यादव, संगठन मंत्री भुनेश्वर यादव, संचालक तुलसी यादव, अध्यक्ष कवर्धा राज शत्रुहन यादव, उपाध्यक्ष रामावता यादव, कोषाध्यक्ष भारत यादव शामिल थे। साथ ही द्वारिका यादव, माखन यादव, रामेश्वर यादव, अजय यादव, पुनीराम यादव, धर्मेन्द्र यादव, रवि यादव, गोपी यादव, संतराम यादव सहित अनेक समाज जन उपस्थित थें। समाज के पदाधिकारियों ने मांग की कि रावत उपनामधारी वर्ग को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल कर उन्हें सामाजिक व आर्थिक न्याय प्रदान किया जाए।

चयनित सभी युवा मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के जीवंत उदाहरण हैं: धर्मेन्द्र सिंह

# एसपी ने नगर सैनिक में चयनित 41 युवाओं को शील्ड व मोमेंटो देकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस की पहल पर संचालित स्वामी विवेकानंद अकेडमी के युवाओं ने एक बार फिर अपनी मेहनत और लगन से सफलता का परचम लहराया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के कुशल नेतृत्व में अकेडमी के 41 युवाओं का चयन नगर सैनिक के पद पर हुआ है। इनमें 35 महिला और 06 पुरुष शामिल हैं। जिस पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने चयनित सभी युवाओं को शील्ड एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल, डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी एवं डीएसपी कृष्णा चंद्राकर भी उपस्थित थें। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने चयनित युवाओं को शील्ड एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर चयनित युवाओं में अपार उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। उन्होने सभी चयनित युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कबीरधाम पुलिस का मुख्य उद्देश्य सिर्फ कानून-व्यवस्था को बनाए रखना ही नहीं है, बल्कि जिले के युवाओं को एक सशक्त और सुनहरा भविष्य देने के लिए अवसर प्रदान करना भी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए स्वामी विवेकानंद अकेडमी की स्थापना की गई थी, ताकि यहां के युवा उचित प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि चयनित हुए ये सभी युवा मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के जीवंत उदाहरण हैं। इनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि सही दिशा और मार्गदर्शन मिले तो जिले का प्रत्येक युवा नई ऊंचाइयों को छू सकता है। नगर सैनिक के रूप में इनकी जिम्मेदारियां और भी महत्वपूर्ण होंगी। मुझे पूर्ण विश्वास है कि ये सभी युवा निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्य-परायणता के साथ समाज की सेवा करेंगे और जिले की गौरवशाली पहचान को और ऊंचा उठाएंगे।

## कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद अकेडमी के युवाओं ने परचम लहराया

पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि यह सफलता केवल युवाओं की नहीं बल्कि पूरे जिले की है। उन्होंने चयनित युवाओं के परिवारजनों को भी बधाई दी और कहा कि माता-पिता और परिजनों का सहयोग ही युवाओं के सपनों को साकार करने में सबसे बड़ी शक्ति है। गौरतलब है कि कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद अकेडमी जिले के युवाओं के लिए आशा और प्रेरणा का केंद्र बन चुकी है। यह अकेडमी निरंतर युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण, शारीरिक दक्षता, अनुशासन तथा प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में मार्गदर्शन प्रदान कर रही है। अकेडमी से अब तक लगभग 800 से अधिक युवा आर्मी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, पुलिस, नगर सेना सहित विभिन्न अर्धसैनिक बलों एवं अन्य सेवाओं में चयनित होकर जिले और प्रदेश का नाम रौशन कर चुके हैं। यह उपलब्धि केवल एक संस्था की नहीं बल्कि पूरे जिले की गौरवपूर्ण पहचान है। अकेडमी से निकले युवा आज न सिर्फ रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि समाज में आदर्श प्रस्तुत कर अन्य युवाओं को भी प्रेरित कर रहे हैं। स्वामी विवेकानंद अकेडमी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के उन युवाओं तक अवसर पहुंचाना है, जिन्हें बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की सुविधा आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती। यही कारण है कि आज यह अकेडमी प्रदेश स्तर पर एक उदाहरण के रूप में स्थापित हो चुकी है।

# ओमप्रकाश यदु ने कार्यकर्ताओं के साथ निज-निवास पहुंचकर विधायक भावना को जन्मदिन की बधाई दी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

रविवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी गई और भव्य रूप से उनका जन्मदिन मनाया। वहीं विकासखंड पंडरिया के ग्राम पीपरमाटी निवासी ओमप्रकाश यदु जिला मंत्री भाजपा द्वारा उनके निज निवास रणवीरपुर जाकर कार्यकर्ताओं के साथ पंडरिया विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस दौरान सुबह से ही बधाई देने के लिए लोगो का तांता लगा रहा। इस दौरान श्रीमती भावना बोहरा ने सभी की शुभकामनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

**मौत:** मामले की जांच में जुटी पुलिस, किया जाएगा अपराध दर्ज

# बाप-बेटे की करंट से मौत, किसान ने बिछाया था खेत में करंट तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के रणवीरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम कोहड़िया से सोमवार को एक हृदय विदारक घटना सामने आई जहां करंट की चपेट में आने से बाप-बेटे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना संभवतः रविवार तड़के की बताई जा रही है। भोर फटने के बाद जब ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकले तो उनकी नजर गांव के एक खेत में ही पड़े दो ग्रामीणों के शव पर पड़ी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने तत्काल क्षेत्रीय पुलिस को दी। सूचना मिलते की मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव बरामद कर लिए वहीं मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। बताया जाता है कि ग्राम कोहड़िया के ही रहने वाले पेशे से किसान विशाल पटेल ने अपने खेतों में टमाटर की फसल ले रखी थी। लेकिन वे अज्ञात चोरों और पशुओं की चराई से त्रस्त थे। जिसके चलते उन्होने अपनी टमाटर की फसल को अज्ञात चोरों और पशुओं से बचाने के लिए खेते के चारों और करंट प्रवाहित जाल बिछा रखा था। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि जहरु निषाद और श्रवण निषाद (बाप-बेटे) अंधेरे में टमाटर की चोरी करने खेत में घुसने का प्रयास कर रह रहे थे और वे इसी दौरान खेत में बिछाए गए करंट की चपेट में आ गए जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि रविवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि विशाल पटेल के खेत में दो लाश पड़ी हुई है। इस सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों की पहचान श्रवण निषाद और जहरू निषाद निवासी ग्राम कोहड़िया के रूप में की गई जो रिश्ते में बाप-बेटा हैं। जानकारी मिली है कि खेत के मालिक ने अपने खेत में करंट का तार लगा रखा था, उन्होने बताया कि बरामद शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है जांच में मौत का कारण करंट से होने का पता चला है। पुलिस के मुताबिक इस स्थिति में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**करंट तार बिछाकर दूसरों की जान डाली जा रही जोखिम में**



यहां बताना लाजिमी होगा कि कबीरधाम जिले में इस तरह से किसी के द्वारा अपने खेतों में अथवा शिकार के लिए करंट प्रवाहित तार बिछाकर दूसरे की जान जोखिम में डालने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन पुलिस प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते ऐसे मामलों में लगाम लगते नहीं दिखाई नहीं दे रही है। नतीजतन एक बार फिर दो ग्रामीणों की जान चली गई। माना जा रहा है कि इस तरह के मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुर्नावृत्ति को रोका जा सके।

# जिला पुलिस को मिली नए वाहनों की बड़ी सौगात

**12 नई बोलेरो गाड़ियां और 5 नई पेट्रोलिंग मोटर साइकिलें प्राप्त**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से पूरे प्रदेश की पुलिस को आधुनिक और सक्षम बनाने के उद्देश्य से नए वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में कबीरधाम जिले की पुलिस को 12 नई बोलेरो गाड़ियां और 5 नई पेट्रोलिंग मोटर साइकिलें प्राप्त हुई हैं। इन वाहनों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और जिले के विभिन्न थाना व चौकियों में उपयोग हेतु आबंटित किया। इन नए वाहनों के मिलने से थाना एवं चौकियों के कार्य में अभूतपूर्व तेजी आएगी। गश्त व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण को और प्रभावी करने, आपातकालीन स्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने और ग्रामीण अंचलों तक पुलिस की तत्काल पहुँच बनाने में यह वाहन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस का प्रथम कर्तव्य जनता की सुरक्षा और सेवा है। नए वाहनों के मिलने से जिले की कानून-व्यवस्था को नई ऊर्जा मिलेगी, अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगेगा तथा शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति और सशक्त होगी। यह पहल जनता के विश्वास और संवाद को और मजबूत करेगी। रवाना करने के उपरांत सभी गाड़ियों का शहर में फ्लैग मार्च भी निकाला गया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, जिले के सभी डीएसपी, थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक और एमटीओ भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सभी वाहनों का निरीक्षण किया, जिसके बाद इन्हें तुरंत संबंधित थाना और चौकियों के लिए रवाना कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सिल्हाटी की आरा मिल से अवैध लकड़ी जप्त

**कवर्धा।** वन विभाग ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए सिल्हाटी की एक आरा मिल से अवैध ईमारती लकड़ी जप्त की है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार स.लोहारा ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिल्हाटी स्थित अशोक सा मिल में उप वनमंडल अधिकारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सा मिल परिसर से अवैध रूप से संग्रहित काष्ठ बरामद किया गया। काष्ठ संबंधी लेखा-जोखा की जांच में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। इस पर सा मिल संचालक अशोक जायसवाल के विरुद्ध छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान अधिनियम 1984 के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध काष्ठ जप्त कर लिया गया।

### शिविर में 35 रक्त दाताओं ने किया रक्तदान

**कवर्धा।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवाकेन्द्र शिव ज्योति भवन छीरपानी कॉलोनी कवर्धा में 24 अगस्त को संस्था के द्वितीय मुख्य प्रशासिका रही दादी प्रकाशमणी की पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार रक्तदान शिविर में शासकीय जिला अस्पताल कबीरधाम के ब्लड बैंक विभाग ने डॉ. हर्षित तुनवानी एवं उनकी मेडिकल टीम के सहयोग से 35 रक्त दाताओं से रक्त दान संग्रहित किया गया। शिविर में जिसमे विशेष रुप से संस्था की राजयोग शिक्षिका ब्रह्मा कुमारी गोमती बहन, जिला महिला विकास अधिकारी, संस्था के सम्पर्क मे रहने वाले स्कूली शिक्षक शिक्षकाओं ने तथा दमोह मध्यप्रदेश से आए हुए दो मुस्लिम पिता-पुत्र ने भी रक्त दान किया।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल चिल्फी में 24 की जगह मात्र 6 शिक्षक

## पढ़ाई लिखाई की निभाई जा रही सिर्फ औपचारिकता



- सुशासन तिहार में डीईओ को पालकों द्वारा आवेदन सौंपने के बाद भी कार्यवाही शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

स्कूल शिक्षा विभाग और शासन के युक्तियुक्तकरण नीति से जिले की स्कूल शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और सरकारी स्कूलों में व्याप्त शिक्षकों की कमी को दूर करने के दावे पूरी तरह से खोखले साबित हो रहे हैं। इसकी एक बानगी जिले के वनांचल ग्राम चिल्फीघाटी में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल में साफ देखी जा सकती है।

बताया जाता है कि यहां कक्षा पहली से लेकर 12 वीं तक की कक्षाएं संचालित है लेकिन सीधे तौर पर इन 12 कक्षाओं में अध्यनरत 224 विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए स्कूल में मात्र 6 शिक्षक ही पदस्थ हैं। इसमें कई विषयों के शिक्षकों की स्कूल में पदस्थापना ही नहीं की गई है। जिसके चलते अन्य कक्षाओं के साथ ही 8 वीं, 10 और 12 वी की बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है और बच्चे तथा उनके पालकों चिंतित नजर आ रहे हैं।

पालकों ने बताया कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल में 24 शिक्षकों की पदस्थापना होनी चाहिए लेकिन इसके विपरीत यहां सिर्फ एक तिहाई शिक्षकों की पदस्थापना है।

जिससे एक ही शिक्षक को कई-कई क्लास लेनी पड़ रही है विषयों को भी पढ़ाने पड़ रहे हैं। वहीं कक्षा 8 वीं, 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय में गणित, विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षक नहीं होने के कारण उनका अध्यापन कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। पदस्थ शिक्षक अपनी योग्यता और क्षमता के अनुसार सिर्फ खानापूर्ति कर पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होने अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता जाहिर करते हुए जिला शिक्षा विभाग से सुशासन तिहार में मांग थी कि जल्द से जल्द नए शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा लिखित में यह कहा गया था कि शिक्षक भर्ती प्रक्रियाधीन हैं और शिक्षासत्र शुरू होने से पहले शिक्षकों की नियुक्ति हो जाएगी लेकिन आज दिनांक तक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शिक्षक भर्ती नहीं की गई हैं जिससे छात्र छात्राएं एवं अभिभावक परेशान हैं। उन्होने शासन-प्रशासन तथा स्कूल शिक्षा विभाग से वैकल्पिक व्यवस्था कर शिक्षकों की कमी को तत्काल दूर कराए जाने की मांग की है।

# सशिमं संस्कार और शिक्षा का अद्वितीय संगमः डॉ. वीरेन्द्र

## ग्राम पनेका में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति जिला कबीरधाम द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन ग्राम पनेका में किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू उपस्थित थे। प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी खेल प्रतिभाओं का शानदर प्रदर्शन किया और स्थान बनाया। विजेता खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के समापन तथा पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री साहू द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर अपने उत्कृष्ट संस्कार और उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था के लिए देशभर में विशेष पहचान बनाए हुए है। विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रप्रेम, चरित्र निर्माण और भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था जगाना है। यही कारण है कि यहां शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि जीवन मूल्यों और नैतिक आदर्शों से जुड़कर बच्चों को पूर्ण व्यक्तित्व प्रदान करती है। विद्यालय में प्रार्थना, योग, व्यायाम तथा देशभक्ति गीतों के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक-मानसिक विकास को बढ़ावा दिया जाता है। इसके साथ ही, आधुनिक शिक्षा पद्धति को अपनाते हुए विज्ञान, गणित, कंप्यूटर तथा अन्य विषयों की गहन जानकारी भी दी जाती है। विद्यार्थियों को खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता विकसित होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति के जिला संयोजक सूर्यप्रकाश चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष खेलेश्वर साहू, जनपद भारत शर्मा, सहकारिता सदस्य सुरेश साहू, पीताम्बर चंद्राकर, सरपंच पनेका श्रीमती दीना हेमंत साहू, लोकेश साहू, धनेश्वर साहू, आत्मा साहू सहित प्रधानाचार्य आचार्य एवं शिक्षकगणों सहित बड़ी संख्या ग्रामीणजन तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।



# ग्राम बिजई में 24 घंटे का सतनाम धुनी 26 अगस्त से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिजई

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्राम बिजई में 24 घंटे का सतनाम धुनी 26 अगस्त से प्रारंभ किया जाएगा। आयोजकों द्वारा इस आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस संबंध में आयोजकों ने बताया कि 26 अगस्त को 4.00 बजे से 24 घंट की सतनाम धुनी प्रारंभ की जाएगी।

जिसका शुभारंभ सतनाम समाज के प्रमुख भंडारी साटीदार पंडित और प्रमुख अनुयायियों द्वारा गुरु गद्दी जोड़ा जैतखाम की पूजा पाठ कर किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न पंथी टोली द्वारा 24 घंटे तक सतनाम-सतनाम का गुणगान कर बाबा गूरू घासीदास के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। पंथी टोली के द्वारा बाबा के संदेशों सत्य, अहिंसा और मनखे-मनखे एक समान के संदेशों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा और सतनाम के अनुयायियों को बाबा गुरु घासीदास के संदेशों व उपदेशों के मार्ग पर चलने के लिए संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

इस आयोजन में समाज के बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। आयोजकों के मुताबिक कार्यक्रम 26 अगस्त से प्रारंभ होकर 27 अगस्त तक चलेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत बिजई के द्वारा सरपंच देवकी मोहले पंचगण एवं समस्त ग्रामवासी सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

# दो प्रतिशत डीए वृद्धि का स्वागत लेकिन मोदी की गारंटी के अनुरूप नहींः टीचर्स एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के सरकारी कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते में दो फीसदी की वृद्धि का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्वागत करते हुए मोदी की गारंटी के अनुरूप नहीं होने से अपर्याप्त करार दिया है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव के पहले प्रस्तुत मोदी की गारंटी में प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से मँहगाई भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन दो फीसदी मँहगाई भत्ते को जनवरी-2025 के बजाय सितंबर-2025 से देने का निर्देश दिया गया है, जो केंद्र के समान देय तिथि से नहीं है। डॉ. चन्द्रवंशी ने आगे बताया कि वर्तमान में केंद्रीय कर्मचारियों को एक जनवरी-2025 से 55 प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा 25 अगस्त 2025 को जारी पत्र के अनुसार राज्य के कर्मचारियों को वर्तमान में देय 53 प्रतिशत मंहगाई भत्ते में दो प्रतिशत की वृद्धि कर एक सितंबर से 55 प्रतिशत किया गया है।

इस वृद्धि से राज्य के कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता केंद्र के समान 55 प्रतिशत भले ही हो गया हो, लेकिन केंद्र के समान देय तिथि जनवरी-2025 से नहीं देने के कारण कर्मचारियों में नाराजगी है।

**लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी**

# पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की ली क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में अपराध नियंत्रण और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में क्राइम मीटिंग आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने की।

इसमें जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं डीएसपी स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलेभर में दर्ज आपराधिक प्रकरणों की बिंदुवार समीक्षा की गई और थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने कहा कि जनता को शीघ्र न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च जिम्मेदारी है, इसलिए विवेचना और जांच में अनावश्यक विलंब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने थाना प्रभारियों को हिदायत दिया कि लंबित मामलों में सुस्ती या लापरवाही पर सीधे जिम्मेदारी तय होगी और दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि गंभीर अपराधों की विवेचना तय समयसीमा में पूरी कर दोषियों के विरुद्ध शीघ्र चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत की जाए। लंबित मामलों को निपटाने के लिए प्रत्येक थाना प्रभारी ठोस कार्ययोजना तैयार कर तत्काल अमल करें। थाना स्तर पर नियमित क्राइम मीटिंग आयोजित कर प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करने को भी अनिवार्य बताया गया।

श्री सिंह ने सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को अनुशासन बनाए रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान सभी अधिकारी व जवान अनिवार्य रूप से वर्दी पहनकर ही कार्य करें और शालीन आचरण बनाए रखें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि वर्दी संबंधी नियमों अथवा अनुशासनहीनता पर किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तत्काल विभागीय कार्रवाई होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और जनता का भरोसा कायम रखने के लिए पुलिस को संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तत्परता के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने थाना प्रभारियों से अपेक्षा जताई कि वे अपनी टीम का नेतृत्व मजबूती से करें, हर प्रकरण पर व्यक्तिगत निगरानी रखें और जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, डीएसपी संजय ध्रुव, अखिलेश कौशिक प्रतीक चतुर्वेदी, भूपत सिंह, कृष्ण कुमार चंद्राकर सहित जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित थे।




# दो परिवारों को मिली 4-4 लाख की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले के तहसील सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम अचानकपुर में एक माह पूर्व घटित दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस दुखद घटना से पीड़ित परिजनों को राज्य सरकार की संवेदनशीलता और त्वरित प्रशासनिक कार्यवाही के तहत आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा प्रकरण का नियमानुसार परीक्षण कर राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 के अंतर्गत प्रत्येक पीड़ित परिवार को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई। भुगतान की अनुमति मिलते ही आज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सहसपुर लोहारा श्रीमती शिल्पा देवांगन ने स्वीकृति पत्र परिजनों को प्रदान किया। आर्थिक सहायता प्राप्त करने वालों में स्वर्गीय आशु धुर्वे (उम्र 6 वर्ष) की माता श्रीमती शिवबती पति राजू धुर्वे, निवासी ग्राम अचानकपुर और स्वर्गीय भारत कुमार साहू (उम्र 12 वर्ष) के पिता थानूराम साहू पिता विष्णु साहू, निवासी ग्राम अचानकपुर है। इस अवसर पर तहसीलदार सहसपुर लोहारा विवेक गोहिया, नायब तहसीलदार नागेश ताजय एवं हुलेश्वर कुमार पटेल भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि इस दर्दनाक घटना की जानकारी उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने स्वयं संज्ञान में लेकर तत्काल कलेक्टर गोपाल वर्मा को प्रकरण का त्वरित निराकरण करने तथा पीड़ित परिजनों को नियमानुसार आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर श्री वर्मा की तत्परता से महज एक माह के भीतर प्रकरण का निराकरण कर सहायता राशि परिजनों को उपलब्ध करा दी गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस त्वरित कार्यवाही को सराहते हुए कहा कि इससे पीड़ित परिवारों को कठिन समय में संबल मिलेगा।

